एल्युमनी समिति

वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2019–20

आज दिनांक 08.02.2020 को महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 03 में दोपहर 02:00 बजे से एल्युमनी समिति की वार्षिक बैठक रखी गयी, जिसमें एल्युमनी समिति के प्राध्यापकों तथा एल्युमनी छात्रों एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य भूतपूर्व छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराना तथा निराकरण के लिए उनके प्रत्यक्ष या परोक्ष सुझाव या सहयोग प्राप्त करना ताकि सबके मिले–जुले प्रयासों से महाविद्यालय के विकास को गति मिल सके। बैठक में एल्यूमनी समिति के सदस्यों ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किये जो कि इस प्रकार है :–

1. महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों को एल्युमनी समिति से जोड़ने का प्रयास किया जाये ताकि अधिक से अधिक छात्र महाविद्यालय की समस्याओं के साथ जुड़ सके तथा तथा विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो।
2. रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम आरंभ किये जाये ।
3. छात्रों को प्रेरणा देने वाले कार्यक्रम (Movtivational Program) आयोजित किये जाये।
4. विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ की जाये।

बैठक में सदस्यों की पिछली बैठक के सुझावों को पढ़कर सुनाया गया। इसमें से अधिकांश समस्याएं महाविद्यालय प्रशासन द्वारा हल कर ली गयी है या उस दिशा में प्रयास किया जा रहा है जो कि इस प्रकार है :–

1. महाविद्यालय में अधिक से अधिक एल्युमनी विद्यार्थियों को जोड़ने तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु भूतपूर्व छात्र/छात्राओं का एक व्ट्सएप्प ग्रुप बनाया गया है जिसमें महाविद्यालय के एल्युमनी समिति के प्राध्यापक तथा एल्युमनी छात्र/छात्राएं सम्मिलित है। इस ग्रुप के माध्यम से समय–समय पर महाविद्यालय के विकास/समस्याओं को लेकर सूचनाओं का आदान–प्रदान होता है तथा भूतपूर्व विद्यार्थियों से बौद्धिक तथा आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है।

2. रोजगार हेतु महाविद्यालय में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस (टिस) के द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है जिसमें इस सत्र में 35 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
3. महाविद्यालय में एनएसएस तथा एनसीसी के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों द्वारा छात्र/छात्राओं के अपने स्वयं के व्यक्तित्व विकास तथा समाज और पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रेरणा देने वाले कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहते है।
4. विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने हेतु शासन से पत्राचार जारी है।

इन सब बातों से सदस्यों को अवगत कराया गया। इस बैठक में महाविद्यालय के एल्युमनी समिति के प्राध्यापकों ने एल्युमनी छात्रों एवं पदाधिकारियों को यह जानकारी दी कि शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में गठित एल्युमनी समिति का पंजीयन कराया जाना है जिस पर बैठक में सभी उपस्थित एल्युमनी पदाधिकारियों एवं छात्रों ने अपनी सहमति जतायी ।

Ssamuel

संयोजक
एलोमनी समिति
शा. पातलेश्वर महा. मस्तूरी

दैनिक भास्कर | 12-Feb-2020 Page 3

शासकीय पातालेश्वर कॉलेज में हुआ पूर्व छात्र मिलन, पालकों से की चर्चा

मस्तूरी| शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी में प्राचार्य डॉ. मंजू त्रिपाठी की अध्यक्षता में एल्युमनी समिति की मीटिंग हुई। इस आयोजन में एल्युमनी के सभी सदस्यों को उनके कार्यों व जिम्मेदारी पर चर्चा की गई। मीटिंग में कला, विज्ञान व वाणिज्य के संयोजक व समिति के सभी सदस्य व विद्यार्थियों अलावा उनके पालक भी उपस्थित रहे। पलको ने कुछ समस्याओं की ओर प्राचार्य का ध्यान देने की बात कही। इस दौरान कैंटीन का न होना, पहुंच मार्ग की दुर्दशा, पढ़ाई के स्तर व रिजल्ट पर चर्चा की गई। इस दौरान डॉ बीएल मंडलोई, डॉ. किरन ठाकुर, नवीन रेलवानी, सुजाता सेमुअल, डॉ दुर्गा वाजपेयी, डॉ. डी के सिंह, डॉ. नीता जौहर आदि मौजूद रहे।

शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
एल्युमनी समिति
वार्षिक बैठक
सत्र : 2019-20
शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय, मस्तूरी
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
शिक्षक - अभिभावक समिति

जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

एल्युमनी समिति
वार्षिक बैठक

एल्युमनी समिति
वार्षिक बैठक

शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
एल्युमनी समिति
वार्षिक बैठक
सत्र : 2019-20
शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय, मस्तूरी
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
शिक्षक - अभिभावक समिति
B.Com